हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

11 कीर्ति नगर में नए बूस्टर की मांग को लेकर खोला मोर्चा



12 चैनत में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों के...



**खबर संक्षेप**

### खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन कल

**भिवानी।** साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के सहयोग से 5 जुलाई को ईशरवाल में अस्मिता साइकिलिंग सिटी खेलो इंडिया प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव समीर यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। इसमें 19 वर्ष व उससे अधिक आयु, जूनियर (17-18 वर्ष) तथा सब जूनियर/यूथ (13-16 वर्ष) वर्ग शामिल होंगे। सभी वर्गों में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाएं होंगी। विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। जिले की करीब 100 महिला खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। पंजीकरण ऑनलाइन होगा।

### रेवाड़ी रामपुरा हाउस पर कल होगा रोष प्रदर्शन

**भिवानी।** बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक सीएचसी जमालपुर में ब्लॉक प्रधान पिंकी देवी की अध्यक्षता में हुई। संचालन स्वास्थ्य निरीक्षक विनोद शर्मा ने किया। जिला प्रधान रविंद्र धोनी और प्रेस सचिव नरेश ने बताया कि 5 जुलाई को रेवाड़ी के रामपुरा हाउस में होने वाले राज्यस्तरीय रोष प्रदर्शन में भिवानी जिले के सभी बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी भाग लेंगे। कर्मचारियों ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने, समान काम-समान वेतन लागू करने, शहरी पद बहाल करने, नए पद सृजित करने, पदोन्नति के समान अवसर, वेतन विसंगति दूर करने तथा पदनाम संशोधित कर कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की मांग दोहराई।

### नकदी चोरी करने के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना जुई कलां पुलिस ने घर का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गांव लोहानी निवासी रमेश ने शिकायत दी थी कि वह परिवार सहित हिसार में रहता है। 24 अप्रैल को वह गांव आया और अगले दिन वापस हिसार लौट गया। 4 मई को जब वह अपने घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला तथा घर से नकदी चोरी हो चुकी थी। शिकायत के आधार पर थाना जुई कलां में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एएसआई रणबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान हिमांशु पुत्र दिनेश और प्रीतम पुत्र हरपाल, दोनों निवासी गांव देवसर, जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में अन्य सुराग जुटाए जा रहे हैं।

## एचटेट लेवल-3 की परीक्षा आज : महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र, बिंदी और सिंदूर की मिलेगी छूट

# 21 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 12:50 बजे से दोपहर दो बजे तक मिलेगा प्रवेश

*हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारी मुकम्मल, जेम्बर, सीसीटीवी कैमरों की नजर तले होगें परीक्षार्थी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी





**भिवानी।** एचटेट को लेकर परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे लगाते हुए और एक परीक्षा केंद्र में जैमर लगाता एक कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एचटेट परीक्षा की तैयारियां मुकम्मल हो चुकी है। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, जेम्बर आदि लगाने का कार्य पूर्ण हुआ। इनके अलावा परीक्षा केंद्रों के भीतर बिजली, पानी की व्यवस्था चौकस करने के निर्देश दिए है। प्रशासन द्वारा स्थापित किए गए सभी परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया। सभी परीक्षा केंद्र तैयारियों के हिसाब से प्रशासन के अपेक्षा पर खरे उतरे हैं। महाराजा नीमपाल राजकीय महाविद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षक हरिओम ने बताया कि शनिवार को लेवल-3 की परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि भिवानी जिले में यह परीक्षा 21 केंद्रों पर आयोजित होगी।

दूसरी तरफ इस बार महिलाओं को मंगलसूत्र, माथे पर बिंदी लगाने तथा सिंदूर लगाने की छूट रहेगी। वहीं पुरुष परीक्षार्थियों को किसी तरह के सहायक उपकरण व अन्य किसी तरह के उपकरणों के ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। शुक्रवार को दिनभर सेंटर सुप्रीडेंट अपने अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते नजर आए। जिस जगह पर जरूरत थी। उन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इनके अलावा परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कमरे में जेम्बर आदि लगवाना सुनिश्चित करवाया गया। इनके अलावा प्रशासन की तरफ से तैनात नोडल अधिकारी भी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। वहीं परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने भी दौरा किया।

### 3 से 5:30 बजे तक होगा पर्चा

महाराजा नीमपाल राजकीय महाविद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षक हरिओम ने बताया कि शनिवार को लेवल-3 की परीक्षा होगी। उक्त परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को 12 बजकर 50 मिनट से प्रवेश मिलना शुरू होगा और दोपहर दो बजे तक रहेगा। परीक्षा तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक आयोजित होगी। इसी तरह अगले दिन सुबह सात बजकर 50 मिनट से लेकर 9 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रवेश मिलेगा। उसके बाद दस बजे से लेकर साढ़े 12 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा।



**भिवानी।** एचटेट को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

### एचटेट परीक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार: डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में चार व पांच जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट, शिक्षा बोर्ड की फ्लाइंग टीम तथा सेंटर सुपरिटेंडेंट को निर्देश दिए कि वे परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार एंट्री, शत-प्रतिशत फ्रिक्सिंग तथा बायोमैट्रिक सत्यापन को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों पर किसी को भी मोबाइल फोन रखने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा प्रक्रिया के दौरान सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों की पूरी गंभीरता से पालना की जाए तथा अभ्यर्थियों से संबंधित सभी दस्तावेजों का नियमानुसार सत्यापन किया जाए। बैठक में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, डीएसपी अनूप कुमार, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला मजिस्ट्रेट साहिल गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले में आयोजित होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास आवश्यक प्रतिबंध लागू किए हैं।

## दादरी में नौ शिक्षण संस्थानों में होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा

**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से शनिवार 4 जुलाई व रविवार 5 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले के नौ शिक्षण संस्थानों में 11 केन्द्र बनाए गए हैं, जिनको लेकर उपायुक्त मनदीप कौर ने अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

उपायुक्त ने आदेश जारी कर दादरी एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह को परीक्षा के ओवरऑल इंचार्ज एवं नोडल ऑफिसर बनाया है। वहीं डीआरओ को ट्रेजरी के लिए ओवरऑल इंचार्ज बनाया है और निर्देश दिए कि वे 3 जुलाई को परीक्षा का पेपर प्राप्त करेंगे तथा 4 व 5 जुलाई को वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के साथ पेपर बांटेंगे। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग को सभी परीक्षा केंद्रों पर पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने, लोकनिर्माण विभाग को रोड जाम की समस्या से बचने के लिए 4 व 5 जको सड़कों का काम रोकने, बिजली विभाग को जिले के सभी केंद्रों पर बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने और रेडक्रॉस को सभी परीक्षा केंद्रों पर दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर का इंतजाम करने के निर्देश दिए। उपायुक्त के निर्देशों के अनुसार पुलिस विभाग को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस कर्मियों को तैनात करने, ट्रेजरी ऑफिस में वाहन और अतिरिक्त गार्ड स्टाफ के साथ सब-इंस्पेक्टर स्तर (हथियारबंद) के अधिकारी को तैनात करने, झोझू, बौंद, बाढ़ड़ा और झज्जर रोड की तरफ से ट्रैफिक मैनेजमेंट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**यहां बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र**

एचटेट को लेकर जिले के नौ शिक्षण संस्थानों में कुल 11 सेंटर बनाए गए हैं, जिनमें आदर्श पब्लिक स्कूल, एपीजे सरस्वती पीजी कालेज, आर्यन मॉडल स्कूल, केएन स्कूल, आरईडी स्कूल, श्रीमती संतरा देवी बीएड कॉलेज व बेस मॉडल स्कूल में एक-एक सेंटर बनाए है। वहीं जनता कॉलेज व आरपीएस स्कूल में दो दो सेंटर बनाए हैं।

### गाड़ी बेचने के नाम पर छह लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी का आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस के थाना साइबर क्राइम ने गाड़ी बेचने के नाम पर 6.32,000 रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

> आरोपी ने वाहन की डुप्लीकेट आरसी दी गई थी तथा वाहन पर 9,52,000 का लोन बकाया था

पुलिस से मिली से जानकारी के अनुसार दीपक निवासी भिवानी ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत दी थी कि उसने अपने पार्टनर के साथ वाहन खरीदने के लिए आरोपी को अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 6,32,000 का भुगतान किया था। बाद में जांच करने पर पता चला कि वाहन की डुप्लीकेट आरसी दी गई थी तथा वाहन पर 9,52,000 का लोन बकाया था, जिसकी जानकारी जानबूझकर छिपाई गई। शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

#### मीताथल गांव का है आरोपी

मामले की जांच के दौरान थाना साइबर क्राइम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोनू पुत्र सुरेश, निवासी मीताथल, जिला भिवानी के रूप में हुई है।

## सिंचाई मंत्री के आवास पर आज होने वाला प्रदर्शन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

*कर्मियों व सरकार के बीच बनी सहमति, छह जुलाई को वार्ता का मिला न्योता समझौता वार्ता में मांगें नहीं मानी तो दोबारा आंदोलन शुरू करने की होगी घोषणा : गंगाराम*

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर चार जुलाई को होने वाले राज्य स्तरीय प्रदर्शन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह फैसला सरकार द्वारा बातचीत के लिए लिखित निमंत्रण मिलने के बाद लिया है। यूनियन के प्रांतीय प्रधान गंगाराम मौन, महासचिव जरनैल सिंह, प्रेस सचिव संदीप राठी व जिला सचिव सोमबीर पालुवास ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के फील्ड कर्मचारियों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। इन मांगों पर 24 नवंबर 2025 को मंत्री ने समाधान का भरोसा दिलवाया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे कर्मचारियों में गहरा रोष था और संगठन आंदोलन करने को मजबूर हुआ।

उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए मंत्री कार्यालय की ओर से पत्र जारी किया, जिसमें छह जुलाई को हरियाणा सिविल सचिवालय में बातचीत के जरिए समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया है। इसी पत्र के आधार पर संगठन की राज्य कमेटी ने आपस में चर्चा कर चार जुलाई का प्रस्तावित प्रदर्शन स्थगित करने का फैसला किया। यूनियन नेताओं ने साफ किया कि छह जुलाई की बातचीत में कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला, तो जल्द ही दोबारा आंदोलन शुरू करने की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए और नियमित होने तक उनकी सेवा सुरक्षित की जाए। वहीं नौकरी से हटाए गए कर्मचारियों को दोबारा बहाल किया जाए। रेशनेलाइजेशन के नाम पर विभाग में हजारों पदों को समाप्त कर निजीकरण की तरफ बढ़ने की नीति पर तुरंत रोक लगे। कर्मचारियों के सेवा नियमों एवं वेतन विसंगतियों में संगठन के सुझावों के अनुसार संशोधन किया जाए। कैनाल गार्ड, गेज रीडर और मेट के पदों को तृतीय श्रेणी में शामिल किया जाए। कॉमन कैडर ग्रुप डी के कर्मचारियों को तकनीकी पदों पर पदोन्नत किया जाए।

वर्ष 2020-23 ब्लॉक की एलटीसी सुविधा से वंचित कर्मचारियों को उनका भुगतान हो। संगठन ने 18 जुलाई को मंत्री रणवीर सिंह गंगवा के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन का नोटिस दे रखा है, तब तक जनस्वास्थ्य और पीडब्ल्यूडी विभाग की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो 18 जुलाई को हिसार में होने वाला राज्य स्तरीय प्रदर्शन अपने तय कार्यक्रम के अनुसार यथावत रहेगा।

## सुंदर ब्रांच नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी की मांग को लेकर दिया धरना

**बवानी खेड़ा।** जमालपुर की यादव धर्मशाला में सुंदर नहर में 15 दिन पानी व पूरा पानी चलवाने के लिये धरना लगातार जारी रहा। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता रामफल किरावड,मक्खन सिंह सिपर ने की। शुक्रवार को धरने को समर्थन देने के कमल सिंह युवा कल्याण समिति के प्रधान साथियों सहित पहुंचे और आंदोलन में शामिल हुए। शुक्रवार के धरने में अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील प्रधान राजेश कूंगड,तहसील खजांची हरफूल कदावला,उप प्रधान मास्टर हनुमान रोहिला, प्रहलाद यादव, रामकुमार यादव,अखिल भारतीय किसान सभा के के पूर्व राज्य प्रधान मास्टर शेरसिंह,वेदप्रकाश बवानी खेडा,जगदीश पूर्व सरपंच रतेरा,सुरेन्द्र सिपर,चन्द्रो देवी आदि शामिल हुए।

**किसानों की मांग जायज : कमल**

कमल प्रधान कहा कि सुंदर नहर महीने में 15 दिन पानी चलना चाहिए। यह किसानों की मांग जायज है और सरकार को इस मांग को जल्द से जल्द पुरी करनी नही तो बहुत बडा आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार होगी। मा.शेरसिंह ने कहा कि जब आंदोलन नही जीत नही होती हम सघंर्ष जारी रखेंगें। भिवानी। हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक नेहरू पार्क में एसोसिएशन के जिला प्रधान बालमुकुंद बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला महासचिव आर.के.चावला ने किया। बैठक में दिवंगत आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। बैठक में सदस्यों ने अपने विचार रखे और निगम के अडियल रवैये के प्रति रोष प्रकट किया।




**बाढ़ड़ा।** हडौदा कला में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने काली पट्टी बांध जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढड़ा

पीडब्लयूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन बाढड़ा खंड के 1500 कर्मचारियों ने सरकार के मुख्य सचिव द्वारा 17 माह से साबुन, डांगरी, रिस्क भत्ता व अन्य देय भत्तों का भुगतान न करने के विरोध में एक जुलाई से संचालित रोष प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत आज तीन जुलाई को भी काली पट्टी आंदोलन जारी रखा।

यूनियन प्रधान सुमित कादयान के नेतृत्व में आज यूनियन मुख्यालय बाढड़ा व ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 15 सौ कर्मचारियों ने बाहं पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। यूनियन ने कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग चरखी दादरी को 15 जुलाई शाम पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। कार्यकारी अभियंता कार्यालय द्वारा तीन माह का समय मांगना मुख्य सचिव के आदेश की सीधी अवहेलना है। यदि 15 जुलाई तक भुगतान नहीं हुआ तो 16 जुलाई सुबह 9 बजे से बाढड़ा क्षेत्र में पानी व सीवर व्यवस्था पूर्णतः ठप कर अनिश्चितकालीन टूल डाऊन किया जाएगा।

इसकी समस्त जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता चरखी दादरी की होगी। कर्मचारी जनता को परेशान नहीं करना चाहते, पर विभाग के अधिकारी हमें मजबूर कर रहे हैं। आंदोलन को अलग अलग चरणों से संचालित किया जाएगा जिसमें एक जुलाई से 15जुलाई तक समस्त कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे।



**बाढ़ड़ा।** काली पट्टी बांध कर रोष प्रकट करते गांव बिलावल में तैनात जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## निर्माण कार्य में देरी की शिकायत पर विधायक ने किया निरीक्षण

# ओवरब्रिज का निर्माण कार्य समय पर हो पूरा: सरफि

■ ठेकेदार ने विधायक सर्राफ को निर्माण कार्य में तेजी लाने का भरोसा दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

शुक्रवार को विधायक घनश्याम सर्राफ ने लोहारू रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रीज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहां के लोगों ने विधायक से ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में देरी की शिकायत की। इस पर विधायक सर्राफ ने ठेकेदार को बुलाया और निर्धारित समयावधि में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अगर इस मामले में कोई कोताही बरती तो उसकी शिकायत की जाएगी। इस पर ठेकेदार ने निर्माण कार्य में तेजी लाने का भरोसा दिलाया। शुक्रवार दोपहर बाद विधायक श्री सर्राफ लोहारू रोड पर निर्माणाधीन पुल पर पहुंचे।



**भिवानी।** निर्माणाधीन ओवरब्रीज का निरीक्षण करते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

**विधायक ने जांची निर्माण सामग्री**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण सामग्री की जांच की। साथ ही पुल के निर्माण में प्रयोग लाई जा रहे लौहे के सरिए व सीमेंट की भी जांच की। करीब दस मिनट तक निर्माण कर रहे मिस्त्रियों से बातचीत की। बाद में ठेकेदार को भी मौके पर बुलाया गया।

### मंडी के आढ़तियों ने बिजली समस्या की शिकायत की

इससे पहले विधायक घनश्याम सर्राफ अनाजमंडी का निरीक्षण किया। आढतियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान आढतियों ने बिजली की समस्या की शिकायत की। आढतियों ने बताया कि इस गर्मी के मौसम में बिजली के अघोषित कटों ने जीना हराम कर दिया। बिजली के कटों की वजह से पूरी रात सौ नहीं पा रहे है। साथ ही उनके छोटे बड़े कार्य भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहे है। इस पर विधायक ने विद्युत निगम के एसडीओ को मौके पर बुलाया और उनको बिजली की समस्या का समाधान करने के आदेश दिए। साथ ही कटों पर नियंत्रण करने के भी आदेश दिए। इस पर एसडीओ ने बिजली के कटों की समस्या से छुटकारा दिलाए जाने का भरोसा दिलाया। विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उनको मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकारी दफ्तारों के चक्कर न लगाने पड़े।



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।



हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज़्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।



# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।



# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में भिवानी विधानसभा क्षेत्र के पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम महेश कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम महेश कुमार ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 की नियुक्ति करें। उन्होंने कहा कि बीएलए-2 की नियुक्ति से बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग मिलेगा ।

### अग्रवाल सभा के चुनाव को लेकर हुई बैठक

**चरखी दादरी।** अग्रवाल सभा के चुनाव को लेकर कार्यकारिणी की बैठक अग्रवाल सभा के महासचिव शुभम गोयल के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के प्रधान पवन गुप्ता ने की। महासचिव शुभम गोयल ने बताया कि अग्रवाल सभा के आगामी दो वर्ष के चुनाव करवाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। चुनाव से पहले 12 जुलाई को अग्रवाल सभा की साधारण सभा की बैठक अग्रसेन धर्मशाला में होगी।

### अब ग्रामीण विकास को मिलेगी रफ्तारः अनिता

**तोशाम।** ग्रामीण अंचलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए भिवानी जिला परिषद ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिला परिषद की चेयरपर्सन अनिता मलिक ने जिले के विभिन्न गांवों के विकास के लिए एक करोड़ 5 लाख की विशेष विकास ग्रांट जारी की है। इस राशि से कैरू, बहल, लोहारू और सिवानी ब्लॉक के गांवों में सामुदायिक भवनों के निर्माण, स्कूलों की मरम्मत और चारदीवारी जैसे महत्वपूर्ण कार्य करवाए जाएंगे। चेयरपर्सन अनिता मलिक ने साफ किया कि जिला परिषद पूरे जिले में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि अगर काम करने का इरादा पक्का हो और नीयत साफ हो, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

### विद्यार्थियों ने पौधों की सुरक्षा का लिया संकल्प

**चरखी दादरी।** बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित होते पर्यावरण को बचाने के लिए भावी पीढ़ी को जागरूक करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इसी उद्देश्य के साथ मकड़ानी स्थित नवयुग स्कूल प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका लक्ष्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें प्रकृति से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को आगे बढ़ाने का भी संदेश दिया। पौधरोपण अभियान की शुरुआत कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की मेधावी छात्रा कविता पुत्री राजकुमार के हाथों से करवाई। स्कूल प्रबंधन ने समाज से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को न केवल शिक्षित बनाएं, बल्कि उन्हें समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे पुनीत कार्यों के लिए भी हमेशा तत्पर रहने के लिए प्रेरित करें।

### बिजली बोर्ड परिसर में सेफ्टी वर्कशॉप आयोजित

**लोहारू।** शुक्रवार को बिजली बोर्ड परिसर में एसडीओ मनोज कुमार की अध्यक्षता में सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों विद्युत कार्य करते समय आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सभी कार्य निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिए गए। एसडीओ मनोज कुमार ने कर्मचारियों को एसआईआर 2026 के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे स्वयं तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का एसआईआर कार्य शीघ्र पूर्ण करवाएं। पीएम सूर्य घर योजना के बारे में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को जागरूक करने तथा उन्हें योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

## आबादी बढ़ी पर नहीं बढ़ा पानी का प्रेशर

# कीर्ति नगर में नए बूस्टर की मांग को लेकर खोला मोर्चा

**वार्ड 5 से पार्षद अंकुर कौशिक और वार्ड 20 के पार्षद एवं प्रदीप कौशिक ने सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शहर में बढ़ती आबादी के साथ ही पेयजल की समस्या भी गहराती जा रही है। भिवानी के कई इलाकों में पानी का दबाव बेहद कम होने और अपर्याप्त आपूर्ति के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब जनप्रतिधियों ने भी विभागीय अधिकारियों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में नगर परिषद भिवानी के वार्ड नंबर 5 से पार्षद अंकुर कौशिक और वार्ड नंबर 20 के पार्षद एवं प्रदीप कौशिक ने शुक्रवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता को मांगपत्र सौंपकर स्थानीय कीर्ति नगर इलाके में जल्द से जल्द एक नए पानी के बूस्टर का निर्माण करवाने की मांग की है। कीर्ति नगर के साथ-साथ शहर के अन्य हिस्सों में भी पानी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की मांग तेज हो गई है। इस दौरान वार्ड नंबर 29 में भी पानी की किल्लत को देखते हुए पार्षद प्रतिनिधि मदन सुदामा तंवर द्वारा नए बूस्टर के निर्माण की पुरजोर मांग उठाई गई। उन्होंने कहा कि वार्ड के कई हिस्सों में पानी का संकट बना हुआ है, जिसके लिए नया बूस्टर लगाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि विभाग जल्द ही कीर्ति नगर और वार्ड 29 में नए बूस्टर के निर्माण को मंजूरी देता है, तो हजारों की आबादी को इस भीषण गर्मी और दैनिक किल्लत से बड़ी राहत मिल सकेगी। इसके साथ ही वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति ने भी पेयजल समस्या के समाधान की मांग उठाई। उन्होंने विभाग से जनहित में जल्द से जल्द कदम उठाते हुए यहां नया बूस्टर स्थापित करने का आग्रह किया है ताकि लोगों को नियमित और पर्याप्त दबाव के साथ पानी मिल सके। इस दौरान अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया कि मांगपत्र में शामिल मांगों को पूरा करने के लिए जल्द ही पूरा करवाया जाएगा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।


**भिवानी।** समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### बुनियादी सुविधाएं नहीं सुधरी

अधीक्षण अभियंता को सौंपे गए पत्र में पार्षदों ने कीर्ति नगर और आसपास के क्षेत्र की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से उठाया है। पार्षद अंकुर कौशिक ने कहा कि कीर्ति नगर और इसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ समय में आबादी बहुत तेजी से बढ़ी है, लेकिन बुनियादी सुविधाएं उस अनुपात में नहीं सुधरी हैं। फिलहाल क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति बहुत कम समय के लिए होती है, और जब पानी आता भी है, तो उसका दबाव इतना कम होता है कि वह घरों तक ठीक से पहुंच ही नहीं पाता। पार्षद कौशिक ने बताया कि विशेषकर सुबह और शाम के समय पानी की किल्लत के कारण आम नागरिकों, महिलाओं और कामकाजी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# विधायक ने जूट के थैले बांटे

- प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के लिए गंभीर पर्यावरणीय संकट : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक सुनील सांगवान ने शुक्रवार को लोगों के बीच जूट के थैले वितरित किए। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से आयोजित प्लास्टिक फ्री दिवस कार्यक्रम में उन्होंने नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग छोड़कर जूट एवं कपड़े के थैले अपनाने का आह्वान किया।


**चरखी दादरी।** लोगों को जूट के बैग वितरित करते विधायक सुनील सांगवान।

### प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया

कार्यक्रम के दौरान लोगों को प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी दिलवाया। विधायक सांगवान ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए गंभीर पर्यावरणीय संकट बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजन की सक्रिय भागीदारी भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जूट के थैले मजबूत, टिकाऊ, पुनः उपयोग योग्य और पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ अजीत सिंह, एसडीओ सचिन यादव, एसडीओ जितेंद्र व मंदीप व जेई नवदीप राणा आदि उपस्थित रहे।

## ड्राइंग प्रतियोगिता में संध्या दीपिका, शीतल ने मारी बाजी


प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी अतिथि व स्टाफ के साथ।

**चरखी दादरी।** प्रकृति की पूजा हर व्यक्ति, वर्ग और धर्म का विषय है। झोझू कलां के आर्य स्कूल में पर्यावरण ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते हुए प्राचार्य परमिंद्र चित्तौड़िया ने ये विचार व्यक्त किए। ग्रामीण विकास मण्डल एवं विश्व युवक केन्द्र नई दिल्ली के सयुंक्त तत्वावधान में हुई बाल प्रतियोगिता के अवसर पर उन्होंने कहा कि बार-बार किसी मुद्दे को उठाते रहने से आमजन के जेहन में वह बात चलती रहती है। उन्होंने कहा कि पानी, पर्यावरण और प्रकृति प्रेम नई पीढ़ी के संस्कारों में जाना चाहिए। कार्यक्रम में आर्य ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमेन अशोक शर्मा ने कहा कि हम अपने बच्चों के लिए शुद्ध सांसें लेने का प्रबंध करके जाएं बाकी दायित्व उन पर छोड़ दीजिए। ड्राइंग कम्पीटिशन में 47 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें संध्या प्रथम, दीपिका द्वितीय, शीतल तृतीय और प्रियंका को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### डीसी ने डीटीओ को सौंपी जिम्मेदारी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता द्वारा जारी आदेशों के अनुसार भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की हिट एंड रन मोटर दुर्घटना मुआवजा योजना-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) भिवानी को जिले का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। डीसी गुप्ता द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिला परिवहन अधिकारी योजना के तहत प्राप्त सभी मुआवजा दावों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करेंगे तथा संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करें।



## हरियाणा जूनियर बालिका रग्बी टीम का अंतिम चयन सम्पन्न

**चरखी दादरी।** आगामी राष्ट्रीय जूनियर बालिका रग्बी प्रतियोगिता के लिए हरियाणा जूनियर बालिका रग्बी टीम का अंतिम चयन शुक्रवार को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान सम्पन्न हुआ। चयन प्रक्रिया मुख्य कोच राजेश तक्षक एवं टीम कोच भामिनी पाण्डेय की देखरेख में सम्पन्न हुई, जिसमें खिलाड़ियों के कौशल, फिटनेस, अनुशासन तथा मैच प्रदर्शन के आधार पर 12 सदस्यीय टीम का चयन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हरियाणा जूनियर बालिका रग्बी टीम में अंजली उपकप्तान, रिद्धिमा, ऋतु, सुप्रिया, राधिका, मनु (जींद), सुहाना, रूबी, कनिका (हिसार), खुशबू, निधि कप्तान (चरखी दादरी) व अंकेत (भिवानी) का चयन किया गया है। टीम के मुख्य कोच राजेश तक्षक, टीम कोच भामिनी पाण्डेय (गुरुग्राम) तथा टीम मैनेजर राजेंद्र सिंह (जींद) को नियुक्त किया गया है। चयनित हरियाणा जूनियर बालिका रग्बी टीम शनिवार को हैदराबाद के लिए रवाना होगी, जहां 6 एवं 7 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय जूनियर बालिका रग्बी प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी। हरियाणा रग्बी परिवार ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना कर विश्वास जताया कि खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश के लिए गौरव हासिल करेंगी।

## प्रकृति संरक्षण के लिए लगाएं पौधे:चालिया

- जीवन में एक पेड़ लगाने एवं स्वच्छ वातावरण के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद का लें संकल्प
- जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया ने सभी से अपील करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान देने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं और स्वच्छ वातावरण के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प लें। यह भी ध्यान रखें कि पेड़ लगाने से भी ज्यादा जरूरी उनकी देखभाल करना है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन विभाग कार्यालय परिसर में विशेष पौधरोपण अभियान की शुरूआत के दौरान ये बात कही।



**चरखी दादरी।** पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत करते हुए न्यायिक अधिकारी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चालिया ने कहा कि वायु, जल व मिट्टी हर प्रकार के प्रदूषण की समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी है। आज प्लास्टिक से पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है और हमें इसके प्रति सचेत होने की आवश्यकता है, क्योंकि आने वाली पीढ़ियों को भी इससे नुकसान होगा। पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जब हम विकसित राष्ट्र की दिशा में बढ़ रहे हैं तो इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ हो। इसके लिए हमें पेड़ों को कटने से बचाना होगा और साथ ही प्लास्टिक के उपयोग को भी बंद करना होगा।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर एसीजेएम प्रवीन कुमार, सीजेएम निधि सोलंकी, सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव संजीव काजला व जिला वन अधिकारी सतीश दुहन आदि उपस्थित रहे।

## श्रीबालाजी स्कूल की टीम ने राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**भिवानी।** सोनीपत के राई स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित 5वीं फास्ट फाइव जिला स्तरीय सीनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में गांव कलिंगा स्थित श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नेटबॉल टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 20 व 21 जून को हुई प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक अपने नाम कर भिवानी जिले का गौरव बढ़ाया। टीम की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य बजरंग तंवर व संचालिका रेणुका शर्मा ने कहा कि ये न केवल विद्यालय, बल्कि समस्त जिलावासियों के लिए गर्व का क्षण है, हमारे खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत एवं पक्के इरादे से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इस सफलता के पीछे खिलाड़ियों का कड़ा अभ्यास, अनुशासन एवं मैदान पर उनकी मजबूत टीम भावना है। टीम के मुख्य कोच ने भी खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि फास्ट फाइव नेटबॉल में मुकाबला बेहद कड़ा एवं रफ्तार भरा होता है, लेकिन टीम ने अंत तक अपना धैर्य नहीं खोया व सूझबूझ से खेलते हुए कांस्य पदक हासिल किया।

## डॉ. दलजीत सिंह ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

डॉ दलजीत सिंह ने शुक्रवार को लोहारू के चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया। वे पानीपत के राजकीय महाविद्यालय से पदोन्नति के बाद लोहारू पहुंचे हैं। इस दौरान स्टाफ सदस्यों ने उनका स्वागत किया और बधाई दी।

पूर्व कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल और वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ सुखवीर सिंह ने प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। डॉ. सुजीत कुमार ने मंच संचालन किया। प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह ने पूर्व प्राचार्य को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, शोध, नवाचार तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहेगी।

इस दौरान प्राचार्य ने कॉलेज परिसर का दौरान किया और कालेज में विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर डॉ सुखवीर सिंह, अनिरुद्ध, डॉ बजरंग, डॉ उमेद, डॉ प्रीति आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


**लोहारू।** नए प्राचार्य डॉ दलजीत सिंह का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत करते हुए स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### मंदिर में चोरी प्रकरण में ब्राह्मण सभा ने कड़ी कार्रवाई की मांग की

**बाढड़ा।** ब्राह्मण सभा सिंदौलिया खाप चौरासी ने पहाड़ी माता मंदिर में सोना, चांदी एवं नकदी की चोरी की घटना की निंदा की है तथा संदिग्ध आरोपी द्वारा जाति बदल कर स्वयं को ब्राह्मण समाज से जोड़ने की ओछी हरकत की है जो निंदनीय है और समाज ने सरकार से मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। ब्राह्मण सभा सिंदौलिया खाप चौरासी अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि मंदिर चोरी प्रकरण में ग्राम पहाड़ी निवासी आशीष कुमार जाति नायक की संलिप्तता पाई गई है।

## शिकायतों को गंभीरता से निपटाएं

- मुख्यमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से जरूरी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

सभी विभागों के अधिकारी शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ लेते हुए समाधान करना सुनिश्चित करें। शिकायत का समाधान करते समय शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें, ताकि उसको एक ही शिकायत बार बार समाधान शिविर या सीएम विंडों पर न लगानी पड़े।

सभी अधिकारी शिकायत करने वाले लोगों को बुलाकर उसकी समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करें। शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी साकेत कुमार ने समाधान शिविर में आई समस्याओं की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिले की ओर से उपायुक्त मनदीप कौर ने जानकारी साझा की। वीसी के बाद उन्होंने कहा कि निर्धारित समय अवधि से ज्यादा समय तक लंबित रहने वाली शिकायतों का निपटारा जल्द से जल्द करना किया जाए और अधिकारी समाधान करने उपरांत पोर्टल पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करना सुनिश्चित करें।


**चरखी दादरी।** समीक्षा बैठक में मौजूद उपायुक्त, एसडीएम व अन्य अधिकारी।

**मांगपत्र सौंपा** आवश्यकता वाले विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था करने की उठाई मांग

# प्राथमिक शिक्षकों को समूह बीमा स्कीम के नंबर जारी करने पर बनी सहमति

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की भिवानी खंड कार्यकारिणी ने बीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की भिवानी खंड कार्यकारिणी ने भिवानी खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह गिल से मुलाकात की और मांगपत्र सौंपा।

बीईओ से मीटिंग संघ के खंड प्रधान रामअवतार यादव की अध्यक्षता में हुई और संचालन संदीप ढोचक ने किया। जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर ने बताया कि बैठक में बीईओ गिल के समक्ष आवश्यकता वाले विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग रखी गई, जिसपर बीईओ ने उचित कार्रवाई करने की बात कही। इसके साथ ही सभी प्राथमिक शिक्षकों को जीआईएस (समूह बीमा स्कीम) के नंबर जारी करने पर भी सहमति बनी।


**भिवानी।** खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह गिल से मुलाकात करते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति दिलाने की मांग

बीईओ महेंद्र सिंह गिल ने शिक्षकों व विद्यालय हित के सभी कार्य समयबद्ध पूर्ण करने का आश्वासन दिया और कही पर किसी को कोई भी लापरवाही नहीं बरतने देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यालय में सभी कार्य क्रमानुसार व समयबद्ध करने, सभी प्राथमिक विद्यालयों में हाउस कीपिंग अनुदान प्रतिमाह समय पर जारी करने, सभी प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या अनुसार शिक्षक उपलब्ध करवाने, एकल अध्यापक वाले विद्यालयों में अध्यापक उपलब्ध करवाने, दोपहर भोजन के लिए राशि समय पर उपलब्ध करवाने पर सहमति जताते हुए अधिकारी ने आश्वासन दिया और शीघ्र आदेश पारित कर दिए जाएंगे। भिवानी खंड कोषाध्यक्ष संदीप ढोचक व नरेश कुमार ने बताया कि अध्यापकों से अनेक गैर शैक्षणिक कार्य लिए जा रहे हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा व स्कूल के कार्य प्रभावित होते है, इसलिए प्राथमिक शिक्षकों को इनसे मुक्त किया जाए ।

## आर एस बाल मंदिर स्कूल ईशरवाल के खिलाड़ी ने तीरंदाजी में जीते दो पदक



**तोशाम।** गोवा में 26 से 29 जून तक आयोजित नेशनल लेवल चैंपियनशिप के तीरंदाजी में आर एस बाल मंदिर स्कूल ईशरवाल के खिलाड़ीयों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें क्रमजीत ने अंडर-17 आयु वर्ग में 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक जीतकर अपने स्कूल और अपने राज्य का नाम रोशन किया है। क्रमजीत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, अपने कोच विक्रम शर्मा व अपने स्कूल संस्था को दिया।इस अवसर पर पदक लेकर स्कूल पहुंचने पर स्कूल संचालक नरेंद्र तक्षक, मा. संजीत श्योराण, सोमबीर महला, मुकेश, प्रधानाचार्य प्रदीप ,उप प्रधानाचार्य बिजेंद्र व पूरे स्कूल स्टाफ ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और क्रमजीत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई दी। स्कूल स्टाफ सदस्यों ने कहा कि खिलाड़ीयों की मेहनत को सम्मान देना चाहिए ताकि अन्य बच्चों को प्रेरणा मिले।

## खबर संक्षेप



### नपा अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**बवानी खेड़ा।** नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने वार्ड नंबर 14 में चल रहे निर्माण कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित एजेंसी को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि मानसून के मौसम को देखते हुए निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाई जाए और निर्धारित मानकों के अनुसार जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत समारोह 8 को

**भिवानी।** 8 जुलाई को शकुंतला गार्डन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए भाजपा के पदाधिकारियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक और जिला प्रभारी रेनू डाबला ने कार्यक्रम स्थल शकुंतला गार्डन का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जनसंवाद शिकायत निस्तारण में भिवानी अव्वल

**भिवानी।** प्रदेश में समाधान शिविर एवं जनसंवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यालय से वीसी के माध्यम से जुड़े प्रदेश के अतिरिक्त प्रधान सचिव साकेत कुमार ने जनसंवाद पोर्टल पर शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के मामलों में भिवानी जिले का प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में शिकायतों के प्रभावी निस्तारण तथा लंबित मामलों की कम संख्या प्रशासन की बेहतर कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

## मरीजों को मिलेगी राहत, तकनीकी खामियों के कारण दोबारा नहीं करवानी पड़ेगी जांच

# नागरिक अस्पताल व तीनों सीएचसी में स्थापित होगा डिजिटल एक्स-रे सिस्टम

- जिला नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 250 मरीजों के किए जाते एक्स-रे
- नई डिजिटल मशीन स्थापित होने पर जांच क्षमता बढ़ेगी एवं कम समय में अधिक मरीज होंगे लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जिले के नागरिक अस्पताल और तीनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में जल्द ही एक्स-रे जांच की सुविधा आधुनिक तकनीक से लैस होगी। स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय की ओर से नागरिक अस्पताल के साथ-साथ कस्बा बौंदकलां, झोझूकलां और गांव गोपी स्थित सीएचसी में डिजिटल रेडियोग्राफी (डीआर) सिस्टम स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। अब जल्द ही इन स्वास्थ्य संस्थानों में डीआर सिस्टम लगने की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

डीआर सिस्टम लगने से मरीजों को कम समय में बेहतर गुणवत्ता वाली एक्स-रे जांच उपलब्ध हो सकेगी। बता दें कि वर्तमान में जिला नागरिक अस्पताल में कैसेट आधारित एक्स-रे मशीन से जांच की जाती है, जबकि बौंदकलां, झोझूकलां और गोपी के सीएचसी में अब भी डार्क रूम तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। इस प्रक्रिया में एक्स-रे फिल्म विकसित करने में अधिक समय लगता है।

कई बार तकनीकी खामियों के कारण मरीजों को दोबारा जांच भी करानी पड़ती है। डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम शुरू होने के बाद पूरी प्रक्रिया अधिक तेज, सरल और प्रभावी हो जाएगी। जिला नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 250 मरीजों के एक्स-रे किए जाते हैं। लगातार बढ़ते दबाव के कारण मौजूदा मशीन पर कार्यभार अधिक रहता है और कई बार मशीन के गर्म होने से जांच प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में मरीजों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।




**चरखी दादरी।** दादरी जिला मुख्यालय पर स्थित नागरिक अस्पताल।

### मरीजों को मिलेगा लाभ

*नई डिजिटल मशीन स्थापित होने के बाद जांच क्षमता बढ़ेगी और कम समय में अधिक मरीजों के एक्स-रे किए जा सकेंगे। वहीं इस संबंध में दादरी के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. राहुल अरोड़ा ने बताया कि नागरिक अस्पताल और तीनों सीएचसी में डीआर सिस्टम लगाने के लिए मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। मुख्यालय की ओर से ही सिस्टम उपलब्ध करवाया जाएगा। नई व्यवस्था शुरू होने के बाद मरीजों को आधुनिक, तेज एवं गुणवत्तापूर्ण एक्स-रे जांच सुविधा मिलेगी, जिससे जिलेभर की स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार आएगा।*

### डिजिटल रेडियोग्राफी अधिक आधुनिक एवं भरोसेमंद: विशेषज्ञ

विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल रेडियोग्राफी तकनीक पारंपरिक एक्स-रे प्रणाली की तुलना में अधिक आधुनिक और भरोसेमंद है। इस तकनीक में एक्स-रे की छवि सीधे कंप्यूटर स्क्रीन पर दिखाई देती है, जिससे रिपोर्ट तैयार करने में लगने वाला समय काफी घट जाता है। डीआर सिस्टम की मदद से एक्स-रे चित्रों की गुणवत्ता भी अधिक स्पष्ट होगी। हड्डियों, जोड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों की सटीक इमेज मिलने से चिकित्सकों को बीमारी की पहचान करने में सुविधा मिलेगी।



**भिवानी।** लिटिल हार्ट्स में विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते साइबर क्राइम सेल से विष्णु। *फोटो: हरिभूमि*

## लिटल हार्ट्स स्कूल में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता अभियान

- साइबर क्राइम सेल के अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल में सहकारिता विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं, साईबर अपराध व डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूक अभियान चलाया। इस मौके पर सहकारिता विभाग के शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह व साइबर क्राइम सेल से विष्णु व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को सहकारिता सेवाओं, साईबर अपराध व डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

विद्यालय के महासचिव डॉ. संजय गोयल, एमडी डॉ. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि जागरूकता अभियान का मकसद छात्रों व शिक्षकों को बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड, डेटा चोरी, युपीआई स्कैम, सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जानकारी देना था। साईबर अपराध सेल के अधिकारियों ने बताया कि कैसे डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण देश के नागरिक साइबर धोखाधड़ी का शिकार बन रहे हैं।

### साइबर खतरों से बचाव

विशेषज्ञों ने फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, नकली लिंक, लोन ऐप स्कैम और पहचान की चोरी (आइडेंटिटी थेफ्ट) जैसे आम साइबर खतरों के बारे में बताया। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के तरीके भी बताए, जैसे मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करना, ओटीपी शेयर न करना, लिंक पर क्लिक करने से पहले उनकी जांच करना और नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल की वेबसाईट व हेल्पलाइन नम्बर पर घटनाओं की रिपोर्ट करना। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्य योजनाओं की जानकारी देते हुए सहकारी समितियों का गठन और रजिस्ट्रेशन, सहकारी बैंकों के जरिए कम ब्याज पर लोन, खेती के सामान और उपकरणों पर सब्सिडी, डेयरी, मछली पालन और महिला स्वयं-सहायता समूहों के लिए मदद, सहकारी समितियों के सदस्यों के लिए डिजिटल सेवाएं, वीटा दुग्ध प्लांट व कोपरेटिव बैंक संबंधी विस्तार से जानकारी दी।

## दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए कार्यशाला कल

- एनेबल इंडिया के विषय विशेषज्ञ ब्लाइमी सॉफ्टवेयर एवं स्पेलिंग टूल का देंगे व्यावहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आस्था स्पेशल स्कूल में चार जुलाई शनिवार को दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में बेंगलुरु की प्रतिष्ठित संस्था एनेबल इंडिया के विषय विशेषज्ञ उपस्थित होकर प्रतिभागियों को ब्लाइमी सॉफ्टवेयर एवं स्पेलिंग टूल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। स्कूल संस्थापक विजय शर्मा ने बताया कि हरियाणा में पहली बार ऐसी कार्यशाला होने जा रही है, जिसका उद्देश्य दृष्टिबाधित विद्यार्थियों एवं दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल शिक्षा एवं सहायक उपकरणों की जानकारी देकर उन्हें शिक्षा, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है।

### डिजिटल शिक्षा की मिलेगी जानकारी



शर्मा ने बताया कि ब्लाइमी सॉफ्टवेयर के माध्यम से दृष्टिबाधित विद्यार्थी स्वतंत्र रूप से कंप्यूटर एवं डिजिटल कौशल सीख सकते हैं, जबकि स्पेलिंग टूल उनकी वर्तनी, शब्दावली एवं लेखन क्षमता को विकसित करने में अत्यंत सहायक है। विद्यालय की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को दोनों तकनीकी उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं डिजिटल शिक्षा, सहायक तकनीक, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के नए अवसरों से संबंधित विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। दिव्यांग पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आधुनिक तकनीक दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सहभागिता के नए द्वार खोल रही है। कार्यशाला 4 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आस्था स्पेशल स्कूल में होगी, जिसमें भाग लेने के लिए पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क है।

## डॉक्टर्स डे पर पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सा जगत एवं पर्यावरण प्रेमियों ने हाथ मिलाकर धरती को हरा-भरा करने का अनोखा बीड़ा उठाया। इंडियन मैडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने मेडिकल कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण अभियान चलाया।

अभियान की सबसे खास बात इसकी सकारात्मक थीम रही वेस्ट करें निल, पर्यावरण जाए खिल। इसी मूलमंत्र के साथ उपस्थित सभी लोगों ने भिवानी को प्रदूषण मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान परिसर में 11 फलदार एवं छायादार पौधे रोपे, जो आने वाले समय में परिसर को शुद्ध हवा एवं हरियाली प्रदान करेंगे। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आईएमए के सचिव डॉ. राज महता ने कहा कि हमें भिवानी को महानगरों की तरह प्रदूषित होने से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि अब हर नागरिक को जिम्मेदारी उठानी होगी, हमें अपनी मां और परिवार के सदस्यों के नाम पर सिर्फ एक नहीं, बल्कि अनेक पौधें लगाने चाहिए, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को सांस लेने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध हवा मिल सके।



**भिवानी।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में पौधरोपण करते चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी।

### किया जागरूक

भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा ने देश के अन्य हिस्सों का सकारात्मक उदाहरण देते हुए भिवानी के नागरिकों में नया जोश भरा। उन्होंने कहा कि बरेली में निल कार्बन जोन बनाया जा सकता है, तो हमारी छोटी काशी भिवानी में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। भिवानी के लोग स्वभाव से ही भक्तिभाव एवं पर्यावरण प्रेमी हैं, जिसका प्रमाण यहां के बड़े-बड़े बाग-बगीचे हैं। उन्होंने कचरा प्रबंधन का आसान तरीका बताते हुए कहा कि हम ईमानदारी से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करें, तो भिवानी को नंबर वन बनाया जा सकता है। मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. धीरज ने कॉलेज के स्टाफ और छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### बोर्ड ने चलाया प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भिवानी (एचएसपीसीबी) द्वारा ग्राम पंचायत निनान के सहयोग से विशेष प्लास्टिक मुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निनान के सदस्यों, भिवानी के बीडीपीओ नवीन कुमार एवं बीडीपीओ कार्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया। वहीं राजकीय विद्यालय निनान के प्रधानाचार्य, विद्यालय स्टाफ तथा स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को 100 जूट के बैग वितरित किए गए। पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ ग्राम पंचायत एवं विद्यालय स्टाफ के सहयोग से पौधारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत विद्यालय एवं गांव परिसर में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर बीडीपीओ नवीन कुमार ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
**हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी**
**फोन नं. : 8814999151, 9253681005**

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## आचार्य तुलसी के विचार प्रेरणास्रोत

- आचार्य तुलसी ने अणुव्रत के माध्यम से जैन धर्म को जनधर्म बनाया : बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

तेरापंथ के नवम आचार्य तुलसी के 30वें महाप्रयाण दिवस पर तेरापंथ भवन में उनकी स्मृति में विसर्जन दिवस कार्यक्रम हुआ। इस मोके पर वरिष्ठ श्रावक सुरेंद्र जैन अधिवक्ता ने कहा कि आचार्य तुलसी एक राष्ट्र संत थे और ऐसी महान आत्मा कभी कभी जन्म लेती है। आचार्य तुलसी ने अपने जीवनकाल में लंबे समय तक आचार्य पद को सुशोभित किया और अनेक क्रांतिकारी धार्मिक सुधार किये।



**भिवानी।** तेरापंथ भवन में आचार्य तुलसी के महाप्रयाण दिवस पर विसर्जन दिवस कार्यक्रम में उपस्थित जैन अनुयायी। *फोटो: हरिभूमि*

### अणुव्रत आंदोलन की महत्ता बताई

कार्यक्रम का संयोजन वनिता जैन ने किया व महिला मंडल की गीतिका से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपासक रमेश जैन ने कहा कि आचार्य तुलसी ने तेरापंथ जैन धर्म को नई ऊंचाइयां प्रदान की और उन्होंने अपने जीवनकाल में अपने पद का विसर्जन करके अविरल उदाहरण पेश किया। तेरापंथ सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश बंसल ने कहा कि आचार्य तुलसी ने अणुव्रत के माध्यम से जैन धर्म को जन धर्म बनाया। उन्होंने कहा कि आज देश ही नहीं विदेशों में भी अणुव्रत की गूंज सुनाई देती है। सभा के मंत्री विकास जैन व चुन्नीलाल बंसल ने भी आचार्य तुलसी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने नवकार मंत्र का सामूहिक जप किया। इस अवसर पर राजेंद्र कौशिक, अनिल सिंगला, लक्ष्मण अग्रवाल, सुशील कुमार, देवीचंद्र जैन, बैजनाथ जैन, संस्कृति जैन, सुषमा जैन, सारिका जैन, रेखा जैन, उषा देवी एवं सुशील कुमार आदि उपस्थित थे।

## आरपीएस स्कूल मिसरी में मनाया प्लास्टिक मुक्त दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव मिसरी स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण और सिंगल-यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के उद्देश्य से प्लास्टिक मुक्त दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुधीर जांगड़ा, प्रिंसिपल संगीता यादव तथा एचओडी मनोरमा शर्मा ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पुराने अखबारों, चार्ट पेपर और रद्दी कागज से आकर्षक एवं उपयोगी पेपर बैग तैयार किए। डायरेक्टर डॉ. सुधीर जांगड़ा ने प्लास्टिक को पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए सभी को प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। प्रिंसिपल संगीता यादव एवं एचओडी मनोरमा शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए दैनिक जीवन में पेपर बैग के उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को पॉलीथीन के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा अंत में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पेपर बैग्स की प्रदर्शनी लगाकर सभी को कपड़े एवं कागज के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया।



**चरखी दादरी।** आरपीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी स्टाफ सदस्यों के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

## गांव की छाती चीरकर गुजर रही 36 इंची लाइन और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे: जोगेंद्र

# चैनत में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों के समर्थन में किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी के नजदीकी जिला हांसी के अंतर्गत आने वाले चैनत गांव में पिछले 50 दिनों से स्वच्छ पेयजल की मांग को लेकर ग्रामीणों का शांतिपूर्ण धरना जारी है। इस भीषण गर्मी के मौसम में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सड़क किनारे बैठकर अपनी जायज मांग के लिए आंदोलन कर रहे हैं। अब आंदोलन को धार देने के लिए ग्राम स्वराज किसान मोर्चा भी मैदान में उतर आया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने सरकार व प्रशासन को चेतावनी देते हुए ग्रामीणों की मांगों को तुरंत पूरा करने की बात कही।




**भिवानी।** विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते किसान मोर्चा के सदस्य।

### राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

प्रदर्शन की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजसिंह धनाना, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान, भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश दहिया, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रपाल यादव, भारतीय किसान यूनियन चंढूनी के ब्लॉक प्रधान मुकेश नंबरदार ने की तथा संचालन मोर्चा के प्रदेश महासचिव रघुबीर भेरा एवं हवासिंह घुसकानी ने किया। चैनत गांव के ग्रामीणों, किसान संगठनों एवं सामाजिक संगठनों की ओर से मोर्चा ने शुक्रवार को शहर में प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

## चानौत गांव की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग



**बाढड़ा।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन, जिला चरखी दादरी ने उपमंडल अधिकारी बाढड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हिसार जिले के गांव चानौत की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग उठाई। यूनियन ने कहा कि गांव के लोग लंबे समय से स्वच्छ पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के गांवों तक भाखड़ा नहर का पानी पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई पाइपलाइन परियोजना का करीब 18 किलोमीटर कार्य पूरा होने के बाद वन विभाग से जुड़े कारणों के चलते काम बीच में ही रुक गया। इसके चलते गांव चानौत सहित आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण आज भी पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। यूनियन ने कहा कि वर्तमान में अमृत-2 योजना के तहत हिसार शहर के लिए भाखड़ा नहर से पेयजल पाइपलाइन गांव चानौत से होकर गुजर रही है। ग्रामीणों की मांग है कि इसी पाइपलाइन से टी-कनेक्शन देकर गांव को भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए।